आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 24.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– कवच 4.0 प्रणाली से रेल दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राज्य के सभी वित्त पोषित विश्वविद्यालयों की नैक रैकिंग करवाने के लिए तैयारियां करने के निर्देश दिये।
- जयपुर नगर निगम हेरिटेज में निर्दलीय पार्षद कुसुम यादव कार्यवाहक मेयर बन गई हैं।
- राज्य के कुछ और हिस्सों से दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून की विदाई–प्रदेश के कई हिस्सों में अगले एक सप्ताह मॉनसून के सक्रिय रहने की संभावना।

0000

रेल, सूचना प्राद्यौगिकी और सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जयपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। श्री वैष्णव ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में जयपुर शहर के कार्यकर्ताओं से संवाद किया तथा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से उनके निवास पर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने जयपुर के गांधीनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर मीडयाकर्मियों से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि पूरे देश में एक हजार 324 स्टेशनों का पुर्नविकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी स्टेशनों पर रूफ प्लाज़ा तैयार किये जायेंगे, जो स्टेशनों को शहर के दोनों तरफ के हिस्सों से जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि गांधीनगर देश के उन शीर्ष स्टेशनों में शामिल है, जहां रूफ प्लाजा के निर्माण के लिए गर्डर लॉचिंग का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि इन रूफ प्लाजा में कई प्रकार की सुविधाएं होंगी।

..................

श्री वैष्णव ने कोटा से सवाईमाधोपुर के बीच रेलवे ट्रैक सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 की स्थापना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे रेल दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश में 2030 तक सभी स्थानों पर कवच स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्री वैष्णव ने आज जयपुर से सवाई माधोपुर के बीच विशेष रेलगाड़ी में सफर किया। उन्होंने सवाई माधोपुर से सुमेरगंज मंडी तक ट्रेक के लोको में सफर कर रेलवे ट्रेक सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 का ट्रायल भी लिया। उन्होंने इसे एक बेहतरीन सुरक्षा प्रणाली बताया।

...................

श्री वैष्णव ने गंभीर दुर्घटनाओं की स्थिति में यात्रियों को जल्द से जल्द बोगियों से बाहर निकालने से संबंधित पायलट प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। उत्तर–पश्चिम रेल्वे में इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत बांदीकुई, मेड़ता रोड़, लालगढ़ और उदयपुर रेल्वे स्टेशनों पर विशेष टीमें लगाई गई हैं। इन टीमों को

गहन प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही उन्हें वाहन भी उपलब्ध करवाये गये हैं पायलट प्रोजेक्ट के लिए 3 करोड़ 40 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं।

000

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में किसानों और किसान संगठनों के साथ बातचीत की। बैठक के बाद श्री चौहान ने कहा कि करीब पचास किसान नेताओं ने उनसे मुलाकात की। श्री चौहान ने कहा कि किसान संगठनों ने फसलों की कीमतों तथा फसल बीमा के संबंध में अनेक सुझाव दिये।

.................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की उपलब्धियों के बारे में बता रहे हैं।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 100 दिनों में 3148 करोड़ रूपये के ऋण वितरण के साथ 26 हजार 426 नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित किए गए। सरकार की इस पहल से रोजगार के लगभग 2 लाख 11 हजार अवसर पैदा होंगे। मंत्रालय ने यशस्विनी अभियान की शुरूआत की है।

इस पहल का उद्देश्य महिला नेतृत्व में विकास को बढ़ावा देना और उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस पहल के तहत, विभिन्न मंत्रालयों जैसे ग्रामीण विकास, जनजातीय मामलों, महिला और बाल विकास, कौशल विकास और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी की गई है। इस पहल के तहत, महिला उद्यमियों के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने, पंजीकरण और क्षमता निर्माण के लिए विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाये जा रहे हैं। पहला अभियान 19 जुलाई को जयपुर में आयोजित हुआ। इसमें लगभग 650 महिला उद्यमियों ने भाग लिया। इसके परिणामस्वरूप 400 से अधिक उद्यम और यूएपी पंजीकृत हुए। दूसरा अभियान 11 सितम्बर को रांची में हुआ। इस वर्ष 17 और ऐसे अभियान आयोजित किये जायेंगे, जिनका लक्ष्य एक लाख महिलाओं को लाभ पहुंचाना है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि प्रभावी लेखा परीक्षण कार्यों के लिए प्रौद्योगिकी का विकास जरूरी है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में सर्वोच्च लेखा संस्थानों के एशियाई संगठन की 16वीं सभा का उद्घाटन करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के लेखा परीक्षण का अधिकार पारंपरिक लेखा परीक्षण से आगे बढ़ गया है। इसमें लोक कल्याण योजनाओं और परियोजनाओं के प्रभाव का आकलन करना शामिल है, जिससे सभी नागरिकों की समान सेवा सुनिश्चित होती है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज, दुनिया एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग जैसी उभरती डिजिटल प्रौद्योगिकी आधुनिक शासन की रीढ़ बन रही हैं।

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक– कैग देश की सार्वजनिक वित्त व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय

संविधान ने कैग कार्यालय को व्यापक अधिकार और पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की है। राष्ट्रपति ने कहा कि कैग का कार्यालय संविधान निर्माताओं की उम्मीदों पर खरा उतरा है। चार दिन के सम्मेलन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में आज जयपुर में प्रदेश के विश्वविद्यालयों को नैक रैंकिंग सुनिश्चित कराने के लिए विशेष बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में राज्यपाल ने राज्य के सभी वित्तपोषित विश्वविद्यालयों की आवश्यक रूप से नैक रैंकिंग करवाने और इसके लिए सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभी से इस संबंध में विश्वविद्यालयों के अंतर्गत ऑनलाइन और ऑफलाइन डाक्यूमेंटेशन शुरू करने और शिक्षा की गुणवत्ता में बढोतरी विश्वविद्यालय में मौलिक शोध और पेटेंट सहित सभी जरूरी मुद्दों पर प्रभावी कार्यवाही किए जाने का आह्वान किया। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गाइडलाइन के अनुसार इस संबंध में तैयारी करने तथा विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन और इनोवेशन सेंटर की स्थापना करने, भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्र प्रेम पर पाठ्यक्रम चलाए जाने पर चर्चा हुई।

....................

जयपुर नगर निगम हेरिटेज में निर्दलीय पार्षद कुसुम यादव कार्यवाहक मेयर बन गई हैं। कुसुम यादव का कार्यकाल 2 महीने का रहेगा। पार्षद चुनाव के वक्त भाजपा ने कुसुम यादव को टिकट नहीं दिया था। इसके बाद कुसुम बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़कर पार्षद बनी थीं। हालांकि चुनाव जीतने के बाद यादव ने भाजपा को समर्थन दिया था। इस बीच, नगर निगम हेरिटेज में कांग्रेस के 8 पार्षद बिना शर्त आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। इनमें सिविल लाइंस, आदर्श नगर और किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के पार्षद हैं। इन पार्षदों ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा को बिना शर्त हस्ताक्षर युक्त समर्थन पत्र दिया। इन पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद नगर निगम हेरिटेज में भाजपा को बहुमत मिल गया है। मुनेश गुर्जर के निलंबन के बाद पार्षदों की कुल संख्या 99 रह गयी है। इनमें से भाजपा पार्षदों की संख्या 53 हो गयी है, वहीं कांग्रेस पार्षदों की संख्या 45 रह गयी है।

000

राज्य के कुछ और हिस्सों से दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की विदाई हो गई है। मॉनसून वापसी रेखा अब चूरू, अजमेर, माउंट आबू से होकर गुजर रही है। कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश 30 सितम्बर तक दर्ज होने की संभावना है। वहीं भरतपुर, जयपुर, अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की–मध्यम बारिश 27 से 29 सितम्बर के दौरान होने के आसार हैं। इस बीच बांसवाड़ा के कुशलगढ में 74 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। दक्षिणी राजस्थान के कई और स्थानों पर हल्की बारिश हुई है।

इस बीच टोंक जिले के बीसलपुर बांध में पानी की आवक लगातार कम होने के कारण अब बांध के 5 गेटों को बंद कर दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता मनीष बंसल ने बताया कि बांध में अब केवल एक गेट को 10 सेंटीमीटर तक खोलकर 601 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। त्रिवेणी का गेज भी धीरे–धीरे कम होता जा रहा है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया है। राज्यपाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचारों और शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए हमें समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000